## महत्वपूर्ण एवं खास

### 39 वें चक्रधर समारोह: आर्ट एवं डिजाइन समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए ब्रोशन, निमंत्रण पत्र, पोस्टर, बैनर एवं स्मृति चिन्ह के चयन एवं डिजाइनङ्क्षग कार्य आर्ट एवं डिजाइन समिति का गठन किया है। गठित समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सौरभ कुमार, सीएससी मैनेजर रवि सिंह, प्रो.अम्बिका वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, नटवर सिंघानिया एवं कमल किशोर शर्मा को सदस्य बनाये गये है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 19 जुलाई तक मंगाये गये दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गौशालापारा वार्ड क्रमांक 14 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत अनंतिम मूल्यांकन सूची जारी की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 19 जुलाई 2024 सायं 5.30 बजे दावा-आपत्ति आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में संपर्क कर सकते है।

### बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 जुलाई 2024 को बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबा.नं.77468-59383 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक रा.गां.शिक्षा मिशन भुवेनश्वर पटेल मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### 3 फरार वारंटी गिरफ्तार, पूंजीपथरा पुलिस ने किया न्यायालय पेश



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अभियान स्तर पर संदिग्धों एवं फरार आरोपियों, वारंटियों की सघन पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में आज पूंजीपथरा पुलिस द्वारा फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों वारंटी अवैध शराब बिक्री के मामले के हैं। वारंटी- मोहनलाल धोबा निवासी गेरवानी, देवी लाल यादव निवासी सामारूमा तथा पूरन धनवार निवासी गेरवानी थाना पूंजीपथरा पर वर्ष 2020-21 में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपित नियत पेशी तिथि को न्यायालय उपस्थित नहीं होने पर मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा इन पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मुखबीर सक्रिय कर तीनों फरा वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ के साथ फरार वारंटियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है।

# राम लला दर्शन योजना के लिए जिले का दूसरा जत्था हुआ रवाना, 103 दर्शनार्थी शामिल

रायगढ़




रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से रवाना होने वाले दूसरे जत्था 10 जुलाई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ। इस बार जिले से 100 दर्शनार्थी और 3 सहयोगियों सहित कुल 103 लोगों का दल अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा। 103 लोगों में से 76 यात्री ग्रामीण क्षेत्रों से है वहीं 27 यात्री शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रशासन की ओर से 2 सहयोगी यात्रियों के सहयोग और यात्रा के दौरान समन्वय बनाने के लिए साथ जायेंगे। वहीं 1 चिकित्सीय स्टाफ भी साथ रहेगा। दर्शन के पश्चात 13 जुलाई को दर्शनार्थियों का यह जत्था वापस लौटेगा।

खरसिया निवासी लक्ष्मी यादव एवं उनके पति केशव यादव आज रामलला दर्शन के लिए रायगढ़ से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि हम कभी सोचे नहीं थे कि रामलला दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। जब से अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तब से मन में रह-रहकर एक ही बात का ख्याल आता था कि हमें भी प्रभु राम का बुलावा आता और हम भी पति-पत्नी उनके दर्शन कर लेते। आज वह बुलावा आ गया है और हम दर्शन के लिए जा रहे हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बहुत आभार है। इसी तरह पुरानी बस्ती खरसिया के चित्रभान सिंह राठौर भी रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए है। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य का पल है कि मैं प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहा हूं। कोकड़ीतराई किरोड़ीमल की ननकीदाई ने कहा कि प्रभु राम के दर्शन हेतु सपना तो देखे थे लेकिन कभी पूरा होगा यह नहीं सोचा था। लेकिन आज शासन की रामलला दर्शन योजना से हमारा यह सपना पूरा होने जा रहा है। हेमलाल विश्वकर्मा अपनी माता आसमती विश्वकर्मा को प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुझे आज श्रवण कुमार जैसा महसूस हो रहा है कि मैं अपने मां को रामलला दर्शन के लिए लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस दिव्य क्षण की बरसों से प्रतीक्षा कर रहे थे और यह इंतजार आज पूरा हुआ। सभी तीर्थयात्रियों ने रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बहुत अच्छी योजना है। उन्होंने कहा कि सभी तीर्थयात्री रामलला से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमि का बिना ले आउट पास कराए भूखंड का विभाजन होगा अवैध

- नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय से जारी हुए निर्देश

रायगढ़

1200 वर्गमीटर से छोटी भूमियों का अब बिना ले आउट पास कराए छोटे भूखंडों में विभाजन अवैध होगा। राज्य शासन की ओर से संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी एसडीएम को पत्र जारी कर उक्त दिशा-निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय से कृषि भूमि का और गैर कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन तथा पुन: निर्धारण प्रकरणों के संबंध में जारी निर्देश में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2012 की धारा 172 में हुए संशोधनों के अनुक्रम में कृषि भूमि के डायवर्सन एवं पुनर्निधारण के प्रकरणों के निराकरण किए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, कतिपय नगरीय निकायों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में प्राय: यह देखा जा रहा है कि ऐसे भूमि स्वामी जो 1200 वर्गमीटर से कम रकबा धारित करते है, उनके द्वारा राजस्व विभाग से भू-व्यपवर्तन कराया जाकर अपनी स्वामित्व की व्यपवर्तित भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अन्य व्यक्तियों को विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा मिल रहा है, जो कि सुनियोजित नगरीय विकास में एक बहुत बड़ी बाधा है। अत: ऐसी स्थिति के निराकरण हेतु भू-व्यपवर्तन के ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदित भूमि का कुल रकबा 1200 वर्गमीटर से कम है पर छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अनुसार विकास की परिभाषा में कृषि को भूखण्ड किया जाना शामिल है। अत: बिना लेआउट पास कराये भूखण्ड का विभाजन अवैध होगा। शर्त अधिरोपित करते हुए 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमियों का भू-व्यपवर्तन एवं पुनर्निधारण करने की कार्यवाही किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी किए गए है।

## सूरजगढ़ पुल के लिए पथकर है निर्धारित, तय शुल्क ही दें वाहन चालक

- लोक निर्माण विभाग ने जारी की वाहनों के लिए तय शुल्क की दर

रायगढ़



जिला रायगढ़ अंतर्गत सूरजगढ़ नदीगांव मार्ग के कि.मी.1/2 महानदी पुल पर पथकर वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर ही टेक्स जमा कर भुगतान की रसीद प्राप्त करें। पथकर वसूली का दर स्थल पर बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।

लोक निर्माण विभाग (भ/स)उप संभाग रायगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी एम.एस. नायक ने बताया कि वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों से दूरभाष पर शिकायत मिल रही थी कि अनुबंधक द्वारा पथकर वसूली की दर से अधिक राशि की मांग की जा रही है। उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए 24 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए अनुबंधक मां शारदा क्रसर उद्योग माईंस (प्रो. श्री विमला सिंह ठाकुर)नर्मदा नगर बिलासपुर को अनुबंधित किया गया है। उक्त पुल पर टॉल टेक्स वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर टेक्स जमा करें।

वाहनों के लिए निर्धारित दर

प्राईवेट कार, जीप एवं पिकअप के लिए प्रति वाहन 20 रुपये निर्धारित है। इसी प्रकार टेम्पो, टेक्सी, मिनी बस, मेटाडोर भरा खाली या उसके समकक्ष वाहन के लिए प्रति वाहन 40 रुपये, खाली ट्रक, बस भरी/ खाली प्रति वाहन 60 रुपये, मल्टी एक्सल ट्रक एवं टेलर प्रति वाहन 100 रुपये तथा अर्थ मूव्हींग मशीन रोज (प्रति टन)12 रुपये प्रति वाहन निर्धारित किया गया है।

## महिला की आकस्मिक मौत की जांच पर हत्या का खुलासा, चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

- रिलेशनशीप में रह रही महिला के साथ मारपीट कर हत्या के बाद युवक ने थाने में दी थी महिला के आकस्मिक मौत की सूचना

रायगढ़



बीते 08 जुलाई को थाना चक्रधरनगर में टीवी टावर पेट्रोल पंप के पास रहने वाले प्रेम कुमार राठिया (28 साल) द्वारा उसके साथ रिलेशनशीप में रह रही महिला केवरा सारथी ऊर्फ संध्या (उम्र 40 वर्ष) की आकस्मिक मौत के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। प्रेम राठिया ने बताया कि केवरा बाई का पति छोड़ देने से करीब 5 साल से दोनों पति-पत्नी की तरह रहते हैं। 07 जुलाई के शाम दोनों घर में खाना पीना किये और सो गये, सुबह केवरा बाई नहीं उठी। प्रेम राठिया ने केवरा बाई कि मौत शराब पीने से होना बताया। थाना चक्रधरनगर में आकस्मिक मौत की सूचना दर्ज पर मर्ग कायम कर मृतिका नव विवाहित होने से चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मर्ग जांच, पंचनामा कार्यवाही कर गवाहों के कथन लिये गए तथा पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिर, पेट में अंदरूनी चोट आने से अत्यधिक खून निकलना और मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना लेख किया गया। तत्काल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा प्रथम संदेही प्रेम कुमार राठिया को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने बताया कि 7 जुलाई के शाम दोनों पति-पत्नी खाना पीना साथ में किये रात्रि करीब 11:00 बजे केवरा सारथी उर्फ संध्या काफी दिन से मायके नहीं गई हूं कहकर रात में ही उसके मायके ग्राम केनसरा, पुसौर जाने की जिद कर रही थी जिसे दूसरे दिन चले जाना कह कर बोला। इसी बात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ और गुस्से में प्रेम राठिया ने केवरा बाई को हाथ मुक्का लात से सिर व पेट में मारकर चोट पहुंचाना बताया। मर्ग जांच पर आरोपी प्रेम कुमार राठिया द्वारा हत्या कर अपराध छिपाने का साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध कल अपराध क्रमांक 335/2024 धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी प्रेम कुमार राठिया पिता पानिकराम राठिया उम्र 28 साल निवासी खुरूशलेंगा थाना तमनार हाल मुकाम टीवी टावर पेट्रोल पंप के पास थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जांच कार्यवाही एवं आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उप निरीक्षक जी.एल. साहू, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू की विशेष भूमिका रही है।

## बैठक : पुलिस अधिकारियों ने ली होटल, ढाबा, लॉज व धर्मशाला संचालकों की बैठक, दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज सुबह पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं सिटी एसपी आकाश शुक्ला द्वारा शहर के होटल, धर्मशाला, लाज, ढाबा संचालकों के साथ बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए।

एडिशनल एसपी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश पुलिस नियमित रूप से संदिग्धों की जांच और कार्यवाही की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से होटल, ढाबा, लाज, धर्मशाला व सराय जांच की जांच और प्रतिष्ठानों का सहयोग आपेक्षित है। इसी परिप्रेक्ष्य में एडिशनल एसपी ने शहर की सुरक्षा को लेकर संचालकों को निर्देशित किये कि वे उनके संस्थान के सभी कर्मचारियों का सत्यापन करावें। होटल, सराय, धर्मशाला में बिना आईडी कमरे उपलब्ध ना कराया जावें। ठहरने वालों के नाम, मोबाइल नंबर और आईडी की छायाप्रति रिकार्ड में रखें। कस्टमर के मोबाइल नंबर पर कॉल कर वेरीफाई कर लें। अनैतिक क्रियाकलाप के लिए होटल, सराय, धर्मशाला में कमरे उपलब्ध ना कराया जाए, बिना अनुमति देर रात तक पार्टी या अन्य कार्यक्रम संचालित ना हो। पूरा प्रतिष्ठान बाहरी सड़क तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी हो तथा डीवीआर सुरक्षित रखें। होटल, ढाबा, लॉज में कोई संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधियां हो तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को सूचित किया जावे। फायर सेफ्टी उपकरण की समुचित व्यवस्था और हर साल सुरक्षा ऑडिट कराया जावे। मादक पदार्थों का बिक्री और सेवन की व्यवस्था ना किए जायें। संस्थान में निजी सुरक्षाकर्मी और पार्किंग की व्यवस्था हो।

सिटी एसपी आकाश शुक्ला ने बताया कि संस्थान में नवयुवकों को नशे की सामग्री ना परोसी जावें। हुक्का या अन्य मादक पदार्थों की बिना अनुमति विक्रय पर प्रतिष्ठान का लायसेंस रद्द कराने साथ संचालक और अवैध क्रियाकलाप में संलिप्त व्यक्ति पर कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है, सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने साइबर सेल की टीम को होटल, ढाबा, धर्मशाला संचालकों का अपडेट व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करने कहा गया जिसमें किसी भी प्रकार की सूचना के आदान-प्रदान करने कहा गया। बैठक में संचालकों के महत्वपूर्ण सुझावों को भी अधिकारियों ने संज्ञान में लिया गया। बैठक में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, सिटी एसपी आकाश शुक्ला, निरीक्षक मोहन भारद्वाज, साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल व स्टाफ के साथ शहर के होटल, ढाबा, धर्मशाला, लॉज के संचालक उपस्थित थे।

## साइबर अपराधों में कमी लाने रायगढ़ पुलिस ने चलाया वृहद जागरूकता अभियान

- पुलिस जन चौपाल, चलित थाना और साइबर सुबह के बैनर तले गांव-गांव आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा साइबर अपराधों में कमी लाने पिछली क्राईम मीटिंग में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों को प्रत्येक बुधवार अनिवार्य रूप से सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर हर सुबह साइबर फ्रॉड की जानकारी व बचाव संदेश आमजन में प्रसारित करने #साइबर_सुबह के नाम पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

Cyber_Subah अभियान के तहत प्रतिदिन सुबह साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी व बचाव संदेश आमजन में प्रसारित किया जा रहा है। वहीं 10 जुलाई, बुधवार को जिले के विभिन्न थानाक्षेत्र अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें राजपत्रित अधिकारीगण भी थाना प्रभारियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुये।

जागरूकता कार्यक्रमों में साइबर ठगी से बचने आमजन को मोबाइल व इंटरनेट का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने बताया जा रहा है। वर्तमान में हो रहे ट्रेडिंग फ्रॉड, प्रोफाइल हैकिंग और फेक कॉल से ठगी की जानकारी देकर उन्हें अंजान व्यक्ति द्वारा जोड़े गये व्हाट्सएप, टेलीग्राम ग्रुप से रिमूव्ह होना बताया गया। साइबर फ्राड से बचने बैंक संबंधी डिटेल किसी व्यक्ति के साथ सांझा न करने के बताया गया और अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने कहा गया तथा उन्हें साइबर फ्रॉड पर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर फ्रॉड WhatsApp helpline 9479281934 की जानकारी दी गई।

थाना पुसौर के ग्राम औरदा में आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम तथा थाना कोतरारोड़ के ग्राम कृष्णापुर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डीएसपी अखिलेश कौशिक शामिल हुये। इसी प्रकार अन्य थाना क्षेत्र में थाना, चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर एवं महिला संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई।

## डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे के लिए किया जा रहा निरंतर कार्य

- स्वास्थ्य एवं निगम की टीम लार्वा नाशक टेमिफॉस का कर रहे नियमित छिड़काव
- डेंगू लक्षण दिखाई देने पर तत्काल मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं या स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से करें संपर्क

रायगढ़



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चन्द्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत रायगढ़ के शहरी क्षेत्रों के समस्त वार्डों में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य निरंतर किया जा रहा है। बरसात के समय कुछ-कुछ जगहों पर पानी का ठहराव रहता है जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में लार्वा पाये जाने की संभावना बढ़ जाती है ऐसे जगहों में सर्वे करके स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लार्वा नाशक टेमिफॉस डाला जा रहा है। वर्तमान में डेंगू के छूटपुट केस रिपोर्टिंग हो रहे है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है कि ताकि नियंत्रण एवं रोकथाम की स्थिति बनी रहे। जिला स्तर से अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है।

नगर निगम के सहयोग से प्रभावित क्षेत्रों में टेमिफॉस का छिडकाव करवाया जा रहा है। लार्वा नाशक दवाई टेमिफॉस सभी मितानिनों के पास उपलब्ध कराया गया है साथ ही साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को समझाईश भी दी जा रही है कि बुखार आने पर या डेंगू के किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं या स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क करें या फिर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में डेंगू का टेस्ट एवं इलाज करायें। जिला नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि सभी स्त्रोतों जैसे-गमले, कुलर, फ्रिज के पीछे का ट्रेरक टायरों में भरा पानी, मटके व अन्य स्त्रोतों को अनिवार्य रूप से खाली करें एवं अपने घरों के आस-पास पानी जमा न होने दें ताकि डेंगू मच्छर को पनपने से रोका जा सके। रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। मच्छरों से बचने के लिए नीम का धुआं, मच्छर अगरबत्ती, ओडोमास आदि का उपयोग करें। हमेशा फूल आसतीन के कपड़े पहने। जनसामान्य जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें ताकि रायगढ़ जिले को डेंगू मुक्त किया जा सके।

## सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों की शिक्षा की राह हुई आसान

- हेमसुंदर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल की 55 बालिकाओं को मिला योजना का लाभ

रायगढ़




राज्य सरकार बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्कूलों से उनकी दूरियां मिटाने का कार्य सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से कर रही है। जिससे आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है। इससे बालिकाओं के शिक्षा में बाधा बनने वाली दूरियां तो दूर हुई है, साथ ही बालिकाओं के स्कूल छोडऩे की दर में भी कमी आई है।

योजनान्तर्गत शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से नि:शुल्क साइकिल वितरण की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा के साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध करना है। इसी क्रम में हेमसुंदर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, महापल्ली में कक्षा 9 वीं के 55 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत नि:शुल्क सायकल वितरण किया गया।

प्राचार्य जे.सुजाता राव ने कहा कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिल रहा है। इससे दूर-दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब काफी सहूलियत हो रही है। इससे पढ़ाई-लिखाई में कोई परेशानी नहीं होगी और छात्राओं के शैक्षणिक विकास में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर सुकलाल चौहान, पत्रकार शेष चरण गुप्त उपस्थित रहे।

कोटमार की कु.वर्षा राठिया ने कहा कि स्कूल जाने के लिए प्रतिदिन सहायता की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब स्वयं का साइकिल होने से स्कूल आने में आसानी होगी। ग्राम-कुकुर्दा की कु.सुनैना निषाद ने कहा कि उनके गांव कुकुर्दा से स्कूल की दूरी की वजह से स्कूल पहुंचने में काफी समय लग जाता था। लेकिन अब साइकल मिलने से समय की बचत होगी, जिसका उपयोग मैं अपनी पढ़ाई में लगाऊंगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२२१३५९ पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480